# प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 26.09.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

## 1. अपहरण करने का प्रयास व जान से मारने की धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार,थाना गलशहीदः-



अवगत कराना है आज दिनांक 26.09.2024 को वादी निवासी सराय किशन लाल थाना गलशहीद जनपद मुरादाबाद ने अभियुक्त द्वारा वादी के पुत्र व पडोस मे रहने वाले एक दूसरे बच्चे को अपहरण करने का प्रयास व जान से मारने की धमकी देने के संबंध मे थाना गलशहीद पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना गलशहीद पर मु0अ0सं0- 146/2024 धारा- 137(2)/62/351(2) बीएनएस,2023 पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 26-09-2024 को थाना गलशहीद पुलिस द्वारा आरोपी मौ0 नसीर पुत्र मौ0 सगीर निवासी कोना मस्जिद टाँडा थाना टाँडा जनपद रामपुर को गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

### 2. अवैध चाकू के साथ 01 आरोपी गिरफ्तार,थाना कटघरः-



अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, अवैध शस्त्र निर्माण/तस्करी, अवैध शस्त्र धारको पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व संलिप्त अपराधीयो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 26.09.2024 को उ0नि0 दीपक चौहान थाना कटघर मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्त विकास पुत्र सुनील निवासी गाँव इदनपुर नंगला थाना कुंदरकी जनपद मुरादाबाद को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना कटघर पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0- 552/2024 धारा- 4/25 आयुध अधि0 पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

### 3. अवैध तमंचा व कारतूस के साथ 01 आरोपी गिरफ्तार,थाना मूढ़ापाण्ड़ेः-



अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, अवैध शस्त्र निर्माण/तस्करी, अवैध शस्त्र धारको पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व संलिप्त अपराधीयो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 26.09.2024 को उ0नि0 राजनाथ सिंह थाना मूढ़ापाण्ड़े द्वारा मय हमराही पुलिस बल के आरोपी मौ0 आफताब खां पुत्र मौ0 हनीफ निवासी ग्राम मूढ़ापाण्ड़े थाना मूढ़ापाण्ड़े जनपद मुरादाबाद को अवैध एक तमंचा व 02 कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना मूढ़ापाण्ड़े पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0- 479/2024 धारा- 3/25 आयुध अधि0 पंजीकृत किया अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

## 4. नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने तथा दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार,थाना मूँढ़ापाण्ड़ेः-



अवगत कराना है दिनांक 04.09.2024 को वादिनी निवासिनी थाना मूढ़ापाण्ड़े क्षेत्रांतर्गत ने अभियुक्त द्वारा वादिनी की पुत्री को बहला-फुसालकर भगा ले जाने के संबंध में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना मूढ़ापाण्ड़े पर मु0अ0सं0- 442/2024 धारा-137(2) 87,बीएनएस पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध में साक्ष्य संकलन/विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में लड़की को दिनांक 11-09-2024 को सकुशल बरामद करते हुये नियमानुसार परिजनों के सुपुर्द किया गया तथा साक्ष्यों/बयानो के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-63(1) बीएनएस व 3/4 पोक्सो एक्ट की वृद्धि की गयी तथा आज दिनांक 26-09-2024 को उ0नि0 गंगाशरण थाना मूढ़ापाण्ड़े के द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी सद्दाम पुत्र अनवार निवासी जालपुर थाना टाण्डा जनपद रामपुर को गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है ।

## 5. एक राय होकर मारपीट कर बेहोश कर देने का 01 आरोपी गिरफ्तार,थाना भोजपुरः-



अवगत कराना है दिनांक 30.08.2024 को वादिनी  निवासिनी थाना भोजपुर क्षेत्रांतर्गत ने अभियुक्तगण द्वारा वादिनी  के भाई के साथ एक राय होकर मारपीट कर व बेहोश कर देने के संबंध में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना भोजपुर पर मु0अ0सं0- 362/2024 धारा-191(2)/115(2)/110 बीएनएस पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 26-09-2024 को उ0नि0 महेशचन्द व उ0नि0 सतीश कुमार थाना भोजपुर द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्त अब्दुल कादिर पुत्र खुर्शीद निवासी पीपलसाना थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

### आपराधिक इतिहासः-

1.मु0अ0सं0-355/2024,धारा-115(2)/352/351(2)भारतीय न्याय संहिता थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद।

2.मु0अ0सं0 362/2024 धारा 191(2)/115(2)/110 बीएनएस थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद।

## 6. थाना भोजपुर पुलिस द्वारा गौकशी करने के 04 वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार,थाना भोजपुरः-





अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध/अपराधियो, गौकशी आदि जघन्य घटनाओ पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व संलिप्त अपराधियो एवं वांछित/वारण्टीयों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 26.09.2024 को थाना भोजपुर पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुये मु0अ0सं0- 388/2024 धारा- 3/5/8 गौवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम के वांछित अभियुक्तगण 1.वसीम पुत्र हग्गा उर्फ भोला निवासी ग्राम सिरसखेडा थाना मूढापाण्डे जनपद मुरादाबाद 2.मुजफ्फर पुत्र बब्बू निवासी कस्बा व थाना काशीपुर जिला उधमसिँहनगर (उत्तराखण्ड) तथा प्रकाश में आये अभियुक्तगण 1.खुर्शीद पुत्र नरमा उर्फ सईमउल्ला निवासी ग्राम अटरिया थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद 2.कदीर पुत्र जमील निवासी ग्राम गौधी थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है ।

### गिरफ्तार करने वाली टीमः-

1.थानाध्यक्ष श्री श्यामवीर सिँह थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद,

2.व0उ0नि0 श्री मुरलीधर चौहान थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद,

3.उ0नि0 श्री अभिषेक बच्चस थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद,

4.का0 परमजीत थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद,

5.का0 कपिल थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद,

6.का0 अंकुर थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद,

7.का0 सोहित थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद,

8.का0 अश्वनी कुमार थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद

## 7. जनपदीय पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने के 04 आरोपीगण को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।




अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 26.09.2024 को **थाना कटघर** पुलिस द्वारा शान्ति भंग कर रहे आरोपी 1- राहुल कुमार पुत्र कौशल कुमार निवासी मौहल्ला वीरशाह हजारी थाना कटघर जनपद मुरादाबाद,2- अमित पुत्र स्व0 बाबूराम निवासी दुर्गेशनगर थाना कटघर जनपद मुरादाबाद तथा **थाना सोनकपुर** पुलिस द्वारा आरोपी 1- आरिफ पुत्र मेहंदी हसन 2. उवेश पुत्र मेहंदी हसन निवासीगण ग्राम भिंडवारी थाना सोनकपुर जनपद मुरादाबाद को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।